कार्यालय–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक : शिविरा/माध्य/मा–ब/22838/2022–23/70 दिनांक : 17.06.2022

स्मरण–पत्र

सम्भागीय संयुक्त निदेशक,
स्कूल शिक्षा, समस्त..........।

विषय : "स्वाधीनता दिवस समारोह 2022" के अवसर पर योग्यता प्रमाण पत्र प्रदान किये जाने बाबत।

प्रसंग : इस कार्यालय का समसंख्यक पत्र दिनांक : 24.06.2022

उपर्युक्त विषयान्तर्गत प्रासंगिक पत्र के द्वारा शासकीय निर्देश दिनांक : 14.06.2022 के क्रम में स्वाधीनता दिवस समारोह–2022 (15 अगस्त, 2022 को आयोज्य) के अवसर पर "राजस्थान सिविल सेवा (ईनाम, योग्यता पुरस्कार एवं योग्यता प्रमाण पत्र प्रदान किया जाना) नियम–1973" के नियम–7 के अन्तर्गत जिला कलक्टरों, राज्य सरकार तथा सहकारी संस्थाओं/नगर पालिकाओं/परिषदों/निगमों/मण्डलों/बोर्ड/जिला परिषदों आदि के अधिकारियों/कर्मचारियों को उनकी विशिष्ट सेवाओं के लिए योग्यता प्रमाण–पत्र प्रदान किये जाने हेतु निर्धारित प्रपत्र में प्रस्ताव आमंत्रित किये गये थे।

उक्त सम्बन्ध में अधीनस्थ कार्यालयों से प्राप्त प्रस्तावों की संख्या संतोषजनक नहीं है। अतः आपको पुनः निर्देशित किया जाता है कि आपके क्षेत्राधिकार में पात्र अधिकारियों/कार्मिकों के समेकित प्रस्ताव अधीनस्थ मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालयों के माध्यम से दिनांक : 15.07.2022 तक इस कार्यालय को भिजवाएं। दिनांक : 15.07.2022 के पश्चात प्राप्त होने वाले प्रस्तावों पर विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

उप निदेशक (माध्यमिक)
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

प्रतिलिपि : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. संयुक्त शासन सचिव, शिक्षा (ग्रुप–2) विभाग, शासन सचिवालय, राजस्थान, जयपुर।
2. निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर।
3. उप निदेशक (प्रशासन), कार्यालय हाजा को प्रेषित कर लेख है कि निदेशालय के पात्र अधिकारियों/कार्मिकों के प्रस्ताव विभागाध्यक्ष द्वारा चयनोपरान्त इस अनुभाग को दिनांक : 15.07.2022 तक उपलब्ध करवायें।
4. सिस्टम एनालिस्ट, कार्यालय हाजा को विभागीय वेब–साइट पर अपलोड करने हेतु।
5. समस्त अनुभाग अधिकारी, कार्यालय हाजा।
6. रक्षित पत्रावली।

उप निदेशक (माध्यमिक)
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

Email : secondarydd2@gmail.com
e:\20-06-2022\letter\letters.docx